# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पीजी) कॉलेज
## फिरोज़ाबाद-उत्तर प्रदेश

## आजादी का अमृत महोत्सव : सत्र - 2022-2023

## वार्षिक - आख्या

महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पीजी कॉलेज फिरोजाबाद में सत्र-2022-2023 में उत्तर-प्रदेश शासन द्वारा निर्देशित 'स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ' के अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' की श्रंखला के अंतर्गत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दिवस, तथा प्रमुख घटनाओं से संबंधित कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता; स्लोगन प्रतियोगिता; जागरूकता अभियान; प्रभात फेरी; रैली आदि कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

दिनांक 20-07-2022 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम की श्रंखला के अंतर्गत महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी ऋचा सिंह के संयोजन व प्रिया सिंह के सह-संयोजन में एक क्विज प्रतियोगिता जिसका विषय- 'प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ अंजु शर्मा द्वारा प्रतिभागी छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया तथा निर्णायक मंडल में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमृता सिंह ने भूमिका का निर्वहन किया।

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत दिनांक 11अगस्त से 17अगस्त 2022 के मध्य 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम मनाया जाना है जिसके उपलक्ष्य में महात्मा गांधी बालिका पी.जी. कॉलेज फिरोजाबाद में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'स्वतंत्रता सप्ताह 11अगस्त से 17अगस्त' तक महाविद्यालय में बड़ी धूमधाम से 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम' मनाया गया। जिसका शुभारंभ दिनांक 11 अगस्त को

'प्रभात फेरी' व 'ध्वजारोहण' के साथ किया गया । महाविद्यालय की छात्राओं ने हाथ में 'राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे' को लेकर 'जय हिंद जय भारत', 'वंदे मातरम', 'भारत माता की जय' का नारा घोष करते हुए महाविद्यालय प्रांगण से गांधी पार्क चौराहे तक प्रभात फेरी निकाली। तदुपरांत महाविद्यालय परिसर में 'ध्वजारोहण' व 'सामूहिक राष्ट्रगान' का आयोजन किया गया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा झंडा गीत व नारा घोष की प्रस्तुति कराई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ अंजु शर्मा ने अपने संबोधन में शहीद हुए वीर जवानों को याद करते हुए उनकी वीर गाथाओं के साथ देशभक्ति की भावना छात्राओं में जागृत की । कार्यक्रम नोडल अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर ऋचा सिंह ने छात्राओं को 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत महाविद्यालय में चार्ट, पोस्टर, निबंध, स्लोगन प्रतियोगिता व अन्य गतिविधियों में प्रतिभाग करने एवं 'तिरंगे के साथ सेल्फी' व वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर अधिक से अधिक लोगों को झंडा फहराने के लिए जागरूक करने के लिये प्रेरित किया । महाविद्यालय प्रांगण में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक प्रतिदिन ध्वजारोहण व सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया जिसमें कि महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं व समस्त कर्मचारी वर्ग की उपस्थिति रही ।

दिनांक 11 अगस्त 2022 को 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की श्रंखला में दिनांक 11 अगस्त 2022 में असिस्टेंट प्रोफेसर प्रिया सिंह के संयोजन में 'भारत की स्वतंत्रता का 75वां वर्ष' विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर शबनम के संयोजन में 'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में खुदीराम बोस जी का योगदान' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें कि महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

दिनांक 13 अगस्त 2022 को हर घर तिरंगा कार्यक्रम की श्रंखला में असिस्टेंट प्रोफेसर अंकिता ठाकुर के संयोजन में 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी' के

जीवन से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम नोडल अधिकारी ऋचा सिंह व प्रचार्या डॉ अंजु शर्मा भी उपस्थित रही।

दिनांक 14 अगस्त 2022 को डॉ अमृता सिंह (आयोजन सचिव) के द्वारा 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की श्रंखला में 'ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर' पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पीजी कॉलेज फिरोजाबाद (शारीरिक शिक्षा विभाग) तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान किलाघाट दरभंगा बिहार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रचार्या डॉ अंजु शर्मा (महात्मा गांधी पीजी कॉलेज फिरोजाबाद) एवं संजय चौधरी (प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दरभंगा बिहार) के संरक्षण में किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु महाविद्यालय के आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की नोडल अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर ऋचा सिंह (संयुक्त आयोजन सचिव ) एवं सत्यजीत राय (संयुक्त आयोजन सचिव ,व्याख्याता - जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान दरभंगा बिहार) की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

दिनांक 15 अगस्त 2022 को महात्मा गांधी सेवा एवं शिक्षण संस्थान फिरोजाबाद के तत्वाधान में 'ध्वजारोहण' व 'सामूहिक राष्ट्रगान' के बाद पूर्व वर्षों की भांति बड़े धूमधाम से 'स्वतंत्रता दिवस' मनाया गया एवं 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम' की श्रंखला में महाविद्यालय के संगीत विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ निष्ठा शर्मा के निर्देशन में 'आज का दिन है भारत की आजादी का' समूह गीत तथा 'देश रंगीला रंगीला' एकल गायन प्रस्तुति महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा दी गई । इसी श्रंखला में अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर शहबुन निशा एवं कीर्ति वर्मा के संयोजन में 'सेल्फी विद तिरंगा' प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कि महाविद्यालय की छात्राओं ने 'तिरंगा के साथ अपनी सेल्फी' व्हाट्सएप के माध्यम से भेज कर इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

दिनांक 16 अगस्त 2022 को 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम' की श्रंखला में महाविद्यालय प्रांगण में 'ध्वजारोहण' व 'सामूहिक राष्ट्रगान' के उपरांत उर्दू विभाग

की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ फरहा तबस्सुम एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जेवा फारूकी के संयोजन से स्लोगन प्रतियोगिता जिसका विषय 'हर घर तिरंगा' आयोजित की गई।

दिनांक 17 अगस्त 2022 को 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम' के समापन में प्रतिदिन की तरह महाविद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण व सामूहिक राष्ट्रगान आयोजित किया गया तदुपरांत महाविद्यालय प्रांगण में 'वृक्षारोपण' का कार्यक्रम संपन्न कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ अंजु शर्मा एव कार्यक्रम की नोडल अधिकारी ऋचा सिंह भी उपस्थित रही ।

दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को कॉलेज में 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम की श्रंखला के अंतर्गत अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ज्योति अग्रहरि एवं सह-संयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर प्रियंका जायसवाल और सोनाली भट्टाचर्जी के द्वारा एक 'स्लोगन प्रतियोगिता' का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग की कीर्ति वर्मा तथा शहबुन निशा ने अपनी भूमिका निभाई। महाविद्यालय की लगभग 50 छात्राओं ने उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ अंजु शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया ।

दिनांक 7 दिसंबर 2022 को कार्यक्रम की श्रंखला के अंतर्गत राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर पारुल वरनवाल के संयोजन एवं माया मधुर के सह-संयोजन में ' राष्ट्रीय आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका' शीर्षक पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ अंजु शर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें महान क्रांतिकारियों के आदर्शों पर चलने की ओर अनुशासनात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी ।

दिनांक 12 जनवरी 2023 को कार्यक्रम की श्रंखला के अंतर्गत संगीत विभाग एवं सांस्कृतिक समिति प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ निष्ठा शर्मा के द्वारा 'देशभक्ति गीतों के साथ शहीदों को नमन' शीर्षक से कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायो की छात्राओं ने स्वामी

विवेकानंद, महात्मा गांधी, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह आदि राष्ट्र को समर्पित शहीदों को नमन करते हुए समूह गीत 'जागो उठ जागो' की प्रभावशाली प्रस्तुति दी । महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ अंजु शर्मा तथा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की नोडल अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर ऋचा सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महाविद्यालय की छात्राओं ने अत्यंत रूचि एवं उत्साह से कार्यक्रम में दर्शकों के रूप में तथा प्रतिभाग कर सुंदर प्रदर्शन किया ।

दिनांक 24 मार्च 2023 को वनस्पति विज्ञान और जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला के अंतर्गत एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय -"save Environment and save Future". कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अंजू शर्मा द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका असिस्टेंट प्रोफेसर दीपांशी जयसवाल एवं निर्णायक मंडल के रूप में एसोसिएट प्रोफेसर कु. रीता दीक्षित एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राज्यश्री मिश्रा की अहम भूमिका रही।

दिनांक 10 अप्रैल 2023 को मनोविज्ञान विभाग के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय ऑनलाइन क्लास या ऑफलाइन क्लास कौन सा माध्यम बेहतर है? कार्यक्रम की संयोजिका असिस्टेंट प्रोफेसर पूजा जादौन एवं सह संयोजिका आकांक्षा यादव रही, कार्यक्रम में 18 छात्राओं ने प्रतिभाग किया और लगभग 80 छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रही ।

डॉ. अंजु शर्मा
प्राचार्या
Principal
M.G.B.V. (P.G.) College
Firozabad

Richa Singh
डॉ. ऋचा सिंह
नोडल अधिकारी
आजादी का अमृत महोत्सव